दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली।। शनिवार 06 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 176 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# गाजियाबाद में आज निकलेगा पीएम का रोड शो

## ड्रोन, दूरबीन, हजारों सुरक्षाकर्मी और एसपीजी के हवाले सुरक्षा का जिम्मा



### पीएम के कार्यक्रम से पूर्व व्यवस्थाओं का देर रात तक लिया गया जाएजा






गाजियाबाद, करंट क्राइम। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मालीवाड़ा चौक से लेकर चौधरी मोड़ तक रोड-शो करेंगे। प्रधानमंत्री के रोड-शो की तैयारी के चलते शुक्रवार को पूरे इलाके को एसपीजी और विशेष सुरक्षा टीमों के दस्ते ने अपने कब्जे में ले लिया है। रोड़ शो के मार्ग पर पुलिस की तैनाती के साथ ही पूरे रोड को बंद कर दिया गया है। जिस रोड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला रोड शो के रूप में आगे बढ़ेगा, उस रोड पर दिनभर मरम्मत, साफ-सफाई, रंगाई- पुताई, तारों की मरम्मत और जगह-जगह नगर निगम और जीडीए के साइन बोर्ड लगाने का काम किया गया है। इसके साथ ही पूरे मार्ग पर बने साइन बोर्ड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत वाले पोस्टर लगा दिए गए हैं। पूरा इलाका दूधिया रोशनी से जगमग कर दिया गया है। साथ ही सड़क की धुलाई से लेकर साफ-सफाई भी की गई है।

### ड्रोन से रखी गई दिनभर पूरे मार्ग की निगरानी



करंट क्राइम। शुक्रवार को डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एडीएम सिटी गंभीर सिंह प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात रहने वाले एसपीजी और एनएसजी के कमांडो के दस्ते ने अपनी अलग-अलग सुरक्षा ड्रिल की है। वहीं ड्रोन से पूरे इलाके की निगरानी रखने के साथ ही सिविल पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के साथ ही खुफिया दस्ता तैनात कर दिया गया है। प्रधानमंत्री के रोड शो का समय लगभग 4 बजे का है जबकि 2 बजे के बाद इस पूरे प्रमुख मार्ग पर किसी भी वाहन को आने और जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### रूट प्लान पर हुई फुल ड्रेस रिहर्सल

करंट क्राइम1। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को रूट प्लान का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया है। इस दौरान दर्जनों सुरक्षा गाड़ियों का काफिला हिंडन एयरबेस से लेकर कार्यक्रम स्थल के मार्ग तक लाया और ले जाया गया है।




## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रोड शो में रथ पर होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जनरल वीके सिंह और अतुल गर्ग

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गाजियाबाद में रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री का रोड शो मालीवाड़ा से शुरू होगा और चौधरी मोड़ पर समाप्त होगा। उनके रोड शो की पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। अम्बेडकर रोड के दोनों तरफ बैरीकेटिंग लगा दी गई है और वर्ग बनाये गये हैं। रोड शो में प्रधानमंत्री के साथ उनके रथ पर कौन सवार होगा यह तस्वीर भी स्पष्ट हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब मालीवाड़ा से अपना रोड शो शुरू करेंगे तो उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह तथा गाजियाबाद से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग भी सवार होंगे। इसका विधिवत कार्यक्रम आ गया है। प्रधानमंत्री के साथ रोड शो में उनके वाहन पर यही तीन चेहरे रहेंगे जिनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह और गाजियाबाद से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग रहेंगे।



## प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो को लेकर पुलिस ने शुक्रवार को सुरक्षा इंतजामों और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर फिर एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि अपने साथ कैमरा, दूरबीन, रिमोट कंट्रोल कार की, छत, हैंडबैग, ब्रीफकेस, ट्रांजिस्टर, डिजिटल डायरी, प्लांटर, टिफिन बॉक्स, थर्मस, पानी की बोतल, लंच बॉक्स, छड़ी, बैग, परफ्यूम, पेय-खाद्य पदार्थ, ब्लेड, रेजर, कैंची, तार, शस्त्र, तलवार, धारदार हथियार लेकर नहीं आने दिया जाएगा। इसी के साथ लोगों से अपील की गई है कि वह अपने साथ फ्रेम किए हुए पोस्टर, बैनर, छायाचित्र आदि न लेकर आएं। अपने साथ फूलमाला, पंखुड़ी, गुलदस्ते, स्मृति चिन्ह आदि का भी प्रयोग ना किया जाए। वहीं दीर्घा में प्रत्येक व्यक्ति के पास केवल एक मोबाइल फोन ले जाने की परमिशन रहेगी। इसके साथ ही सिगरेट, माचिस, लाइटर, आतिशबाजी एवं ज्वलनशील पदार्थ ले जाने वालों पर पुलिस कानूनी कार्रवाई करेगी।

**कैमरा, दूरबीन, रिमोट कंट्रोल, हैंडबैग, टिफिन, पानी की बोतल, डिजिटल डायरी पर रहेगा प्रतिबंध**

**सिगरेट, माचिस, लाइटर, आतिशबाजी ले जाना रहेगा गैरकानूनी**

## रोड शो के दौरान पब्लिक मूवमेंट रहेगा पूरी तरह से बैन

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान बायीं ओर की सड़क पूरी तरह से वीवीआईपी काफिले के लिए आरक्षित कर दी गई है। इसके साथ ही सड़क के दाहिने और बने दर्शक दीर्घा में प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए खड़े होने की व्यवस्था रहेगी। रोड शो के दौरान किसी भी व्यक्ति को वीवीआईपी के समानांतर चलने और दौड़ने की अनुमति भी नहीं प्रदान की जाएगी। रोड शो के दौरान अपने-अपने सुरक्षा घेरे व दर्शक दीर्घा में बने रहेंगे एवं वीवीआईपी के साथ-साथ आगे की ओर बढ़ने का प्रयास करने वाले लोगों पर पुलिस कार्रवाई कर सकती है। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वह एडवाइजरी का पालन करें और पुलिस को इस पूरी व्यवस्था को सफल बनाने में सहयोग भी दें।




# लोकसभा चुनाव नामांकन स्कूटनी के बाद 14 नाम बचे शेष

## आठ अप्रैल तक है नाम वापसी की अंतिम डेट

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शुक्रवार को प्रशासन ने स्कूटनी की प्रक्रिया शुरु क दी। जो फॉर्म आए थे, उनकी जांच पड़ताल और उनके अभिलेख की जांच की गई। जिसके बाद 35 आवेदनों में से कुल 14 शेष बचे हैं। अभी 8 अप्रैल को नाम वापसी का अंतिम दिन है। नाम वापसी के बाद लोकसभा चुनाव 2024 के गाजियाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशियों की लिस्ट फाइनल हो जाएगी।

### यह 14 नाम हैं अभी मैदान में



लोकसभा चुनाव के लिए गाजियाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होना है। नामांकन की प्रक्रिया के बाद स्कूटनी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी की ओर से अतुल गर्ग, इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉली शर्मा, बहुजन समाज पार्टी से नंदकिशोर पुंडीर, राष्ट्र निर्माण पार्टी से आनंद कुमार, राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी से अंशुल गुप्ता, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी से धीरेंद्र सिंह भदोरिया, समाज विकास पार्टी की ओर से नमह, राइट टू रिकॉल पार्टी से पूजा, तो वहीं निर्दलीय के रूप में अभिषेक पुंडीर, अवधेश कुमार, औरंगजेब, कविता, नत्थू सिंह चौधरी और रवि पांचाल का नाम सामने आया है।



### यह हो सकता है ईवीएम का स्वरूप !

अतुल गर्ग भारतीय जनता पार्टी, डॉली शर्मा इंडियन नेशनल कांग्रेस, नंदकिशोर पुंडीर बहुजन समाज पार्टी, आनंद कुमार राष्ट्रीय निर्माण पाटी, अंशुल गुप्ता राष्ट्रीय जन कर्मठ पार्टी, धीरेंद्र सिंह भदौरिया सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी सुभाष पार्टी, नमह समाज विकास क्रांति पार्टी, पूजा राइट टू रिकॉल पार्टी। तो वहीं निर्दलीय में अभिषेक पुंडीर, अवधेश कुमार, औरंगजेब, कविता, नत्थू सिंह और रवि कुमार पांचाल के नाम शामिल हैं।

## 14 में तीन प्रत्याशी हैं महिला



गाजियाबाद लोकसभा सीट से रिटर्निंग ऑफिसर 12 गाजियाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जिन 14 लोगों के प्रपत्र जांच के बाद फाइनल किए हैं, उसमें तीन महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉली शर्मा, राइट टू रिकॉल पार्टी से पूजा और निर्दलीय के रूप में कविता जो की नंदकिशोर पुंडीर बसपा प्रत्याशी की पत्नी हैं, वह भी चुनाव मैदान में हैं। देखना होगा कि 8 अप्रैल को नाम वापसी के बाद कौन से नाम शेष बचते हैं।

# कांग्रेस ने जारी किया घोषणा-पत्र

## 30 लाख नौकरी, आरक्षण में इजाफा और परीक्षा में जीरो आवेदन शुल्क

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने शुक्रवार को अपना घोषणा-पत्र जारी कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष पी. चिदंबरम और कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने लोकसभा चुनाव, 2024 के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र जारी किया। इस घोषणा पत्र को 'न्याय पत्र' नाम दिया गया है। इसमें तमाम वर्गों के लिए न्याय पर जोर दिया गया है जिसमें महिला, युवा, किसान, गरीब आदि शामिल हैं। पार्टी ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी बड़ी समस्या है और यह सरकार अमीरों के लिए है।




**कांग्रेस के घोषणा-पत्र के वादे**

| | | | |
|---|---|---|---|
| न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी। | सरकारी स्कूलों में कक्षा 1-12 तक मुफ्त शिक्षा। | 'एक राष्ट्र एक चुनाव' का विचार स्वीकार नहीं। | दलबदल करने पर सदस्यता से स्वत: अयोग्यता। |
| जांच-खुफिया एजेंसियों की बेलगाम शक्तियों में कमी। | हिरासत में मौत और बुलडोजर न्याय की समाप्ति। | 2025 के विधानसभा चुनावों में 33% महिला आरक्षण। | 10% EWS आरक्षण सभी जाति-समुदाय के लिए। |

### इस बार के घोषणा-पत्र में क्या है?

48 पन्ने के न्याय पत्र में तमाम वर्गों और क्षेत्रों के लिए न्याय के 10 स्तंभों जोर दिया गया है। यह घोषणा पत्र पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की अध्यक्षता में तैयार किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने बताया कि 19 मार्च को कांग्रेस कार्य समिति ने इसे मंजूरी दी थी। न्याय पत्र जारी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान न्याय के पांच स्तंभों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। इनमें युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गईं थीं। इनमें 25 गारंटियां निकलती हैं। इन सभी को भी घोषणा पत्र में शामिल किया गया है।

### किस वर्ग के लिए क्या

1. राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना।

2. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण पर 50% का कैप हटाया जाएगा।

3. शिक्षा एवं नौकरियों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (एहर) को मिलने वाले 10% आरक्षण को बिना किसी भेदभाव के सभी जाति और समुदाय के लोगों के लिए लागू किया जाएगा।

4. अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों को 1 साल के भीतर भरा जाएगा।

5. सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में संविदा भर्तियों की जगह नियमित भर्तियां और अभी जो संविदा कर्मी हैं उनका नियमतीकरण किया जाएगा।

6. भूमिहीनों को जमीन दी जाएगी।

7. व्यापक परामर्श के बाद पार्टी छत्रह्वळदक्अ+ समुदाय से संबंधित जोड़ों के बीच सिविल यूनियनों को मान्यता देने के लिए एक कानून लाया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव 2019 के लिए क्या घोषणा-पत्र था?

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2019 के लिए जन-आवाज नाम से घोषणा-पत्र जारी किया था। घोषणा-पत्र में किसान और रोजगार सबसे बड़े मुद्दे थे।

### पिछले घोषणा-पत्र की बड़ी बातें

हर साल 20 फीसदी गरीबों को न्याय योजना के तहत 72 हजार रुपये सालाना आर्थिक मदद।

मार्च 2020 तक 22 लाख खाली पड़े पदों पर भर्ती।

हिंसक भीड़ पर रोक, लोकसभा में नया कानून।

युवाओं को पक्का रोजगार।

जीएसटी को आसान।

मनरेगा में 100 दिन से बढ़ाकर 150 दिन रोजगार गारंटी।

ग्राम पंचायत में 10 लाख नौकरियां।

जीडीपी का 6 फीसदी हिस्सा शिक्षा के लिए खर्च।

# कन्नूर में विस्फोट : एक की मौत, एक गंभीर

## कांग्रेस और भाजपा ने सीपीआई पर लगाए आरोप

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में स्थित पनूर इलाके के पास शुक्रवार को एक धमाका हुआ, जिसमें व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर घायल हो गया है। इस घटना के बाद से राजनीतिक बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने सीपीआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि वामपंथी दल ने इस घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है।

**बम के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश हो रही-कांग्रेस :** विपक्षी कांग्रेस ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस के बयान का हवाला देते हुए कहा कि यह धमाका तकरीबन देर रात एक बजे हुआ, कुछ सीपीआई समर्थकों द्वारा देशी बमों को बनाने के दौरान यह घटना घटी। वहीं, भाजपा ने भी सीपीआई को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि बम के जरिए वाम दल दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है।

**हमें बदलान करने की कोशिश की जा रही है-सीपीआई :** सीपीआई (एम) की पनूर क्षेत्र समिति ने एक बयान में यह भी कहा कि वाम दल शांति बनाए रखने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी लोगों को गुमराह करने के लिए जानबूझकर झूठा प्रचार कर रहे हैं।



## राज्यपाल आनंद बोस का दावा

# मिनी संदेशखाली बन गए बंगाल के विश्वविद्यालय

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु पर निशाना साधने बाद राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एक बार फिर से बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उच्च शिक्षा के परिसरों में हो रहे कथित भ्रष्टाचार और हिंसा के मामलों को देखते हुए कहा है कि पश्चिम बंगाल में कई विश्वविद्यालय मिनी संदेशखाली बन गए हैं ।ह्यमिनी संदेशखाली बन गए हैं विश्वविद्यालय परिसर।



राज्यपाल ने दावा किया है कि राज्य में कई विश्वविद्यालय परिसर मिनी संदेशखाली बन गए हैं। उन्होंने विश्वविद्यालयों में होने वाली कथित हिंसा, भ्रष्टाचार और राजनीतिक उद्देश्यों के लिए विश्वविद्यालयों के दुरुपयोग की न्यायिक जांच का आदेश दिया है। बता दें कि सीवी आनंद बोस राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विश्वविद्यालयों के चांसलर भी हैं।

### मामले की जांच के लिए गठित हो कमेटी- बोस

राज्यपाल का कहना है कि इस मामले की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत जज की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने महसूस किया है कि राज्य के कई विश्वविद्यालय मिनी संदेशखाली बन गए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली जल बोर्ड को जारी किया नोटिस

# कहा, बकाया धनराशि के बारे में दें जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने आप सरकार की याचिका पर दिल्ली जल बोर्ड को नोटिस जारी किया है। आप सरकार ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि दिल्ली जलबोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी में पीने योग्य पानी की आपूर्ति करने वाले संस्थान को धनराशि जारी नहीं की थी।



इस मामले में शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सुनवाई करते हुए ये नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में अदालत ने बकाया धनराशि के बारे में जानकारी मांगी है।

साथ ही अदालत ने दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (वित्त) को धनराशि जारी करने के लिए भी कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई के लिए अदालत ने 10 अप्रैल की तारीख तय की है। इससे पहले, इसी मामले में शीर्ष कोर्ट ने एक अप्रैल को दिल्ली के प्रधान सचिव (वित्त) को आप सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया था। इस याचिका में आप सरकार ने आरोप लगाया था कि विधानसभा द्वारा बजटीय मंजूरी के बावजूद अधिकारी दिल्ली जल बोर्ड को धन जारी नहीं कर रहे हैं। शीर्ष कोर्ट में आप सरकार का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा था कि आप सरकार का दावा है, 'मेरे सिविल सेवक मेरी बात नहीं सुनते हैं।' उन्होंने अदालत को बताया था कि दिल्ली जल बोर्ड को अभी तक 1,927 करोड़ रुपये जारी नहीं किए गए हैं। सिंघवी ने पीठ को बताया था कि 31 मार्च तक धनराशि जारी नहीं की गई तो ये रुपये लैप्स हो जाएंगे।

# रामनवमी पर दुनियाभर के हिंदुओं को जोड़ेगी वीएचपी

## 30 देशों में एक लाख जगहों पर मनाया जाएगा रामोत्सव

**नई दिल्ली।** इस वर्ष रामनवमी पर पूरे विश्व में भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) रामोत्सव कार्यक्रम के जरिए पूरे विश्व में हिंदू समुदाय को एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करेगी। दुनिया में जहां भी हिंदू समुदाय के लोग रहते हैं, वहां मंदिरों में रामनवमी के दिन भव्य रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अब तक भारत समेत दुनिया के 30 देशों के लगभग एक लाख मंदिरों और अन्य प्रमुख स्थानों पर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना बनाई जा चुकी है। इन कार्यक्रमों में हिंदू समुदाय के करोड़ों लोगों के शामिल होने की संभावना है।




रामोत्सव कार्यक्रमों की शुरूआत नववर्ष प्रतिपदा यानी नौ अप्रैल 2024 के दिन से शुरू होगी और अगले 15 दिनों तक चलती रहेगी। 24 अप्रैल हनुमान जयंती के दिन इन कार्यक्रमों का समापन होगा। इस दौरान सभी मंदिरों में पूजा-पाठ, राम की आरती, सुंदरकांड का पाठ, रामधुन कीर्तन और अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। भगवान राम की जन्मस्थली और राम मंदिर होने के कारण अयोध्या के रामोत्सव कार्यक्रम को सबसे प्रमुख कहा जा सकता है। भक्तों की सुविधा के लिए अयोध्या के रामोत्सव कार्यक्रम को सजीव दिखाने की भी कोशिश की जाएगी।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने अमर उजाला को बताया कि रामनवमी पर रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन संगठन की वार्षिक गतिविधि में शामिल है, लेकिन इस वर्ष अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के कारण इसे और भव्य बनाने का निर्णय लिया गया है। अकेले भारत में ही 70 हजार से अधिक स्थानों पर रामोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चूंकि, भगवान राम सबके आराध्य हैं, इस कार्यक्रम के जरिए देश के हर धर्म-संप्रदाय और वर्गों को जोड़ने की कोशिश की जाएगी। रामनवमी को हर वर्ग के पूजास्थलों में राम जन्मोत्सव मनाए जाने की योजना है। इनके जरिए समाज के हर वर्ग को एक सूत्र में पिरोने की कोशिश की जाएगी।

# कुलदीप यादव दिल्ली कैपिटल्स के अगले मैच से पहले हो पाएंगे फिट?

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के भारतीय चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ग्रोइन चोट के कारण आईपीएल 2024 सीजन में टीम के लिए पिछले दो मैच नहीं खेल सके हैं। टीम का अगला मुकाबला सात अप्रैल को मुंबई इंडियंस के साथ है। दिल्ली को उम्मीद है कि इस मैच के लिए उसे अपने बेहतरीन स्पिनरों में से एक कुलदीप की सेवाएं मिलेंगी, लेकिन उनकी चोट को लेकर अब बड़ा अपडेट सामने आया है। कुलदीप को एहतियातन आराम करने की सलाह दी गई है, लेकिन इस बारे में अभी कोई पुष्टि नहीं हुई है कि कुलदीप कब खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हो पाएंगे।

**कुलदीप की चोट गंभीर नहीं**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कुलदीप की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है इसलिए वह टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं। कुलदीप फिलहाल मुंबई में हैं जहां टीम को अगला मुकाबला खेलना है। दिल्ली की टीम चार मैचों में सिर्फ एक में ही जीत दर्ज कर सकी है, जबकि उसे विशाखापत्तनम में खेले गए पिछले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली को खली कुलदीप की कमी कुलदीप यादव आईपीएल के मौजूदा सीजन के शुरूआती दो मैचों में टीम के लिए खेले। उन्हें पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलने का अवसर मिला और उन्होंने तीन विकेट झटके। लेकिन इसके बाद वह विशाखापत्तनम में खेले गए पिछले दो मुकाबलों में चोट के कारण नहीं खेल सके। विशाखापत्तम दिल्ली का दूसरा होम वेन्यू है और यहां टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और केकेआर के खिलाफ मुकाबले खेले। दिल्ली को सीएसके के खिलाफ जीत मिली, जबकि केकेआर के खिलाफ दिल्ली को 106 रनों की करारी हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में दिल्ली को कुलदीप की कमी काफी खली। टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग भी इस हार से काफी दुखी हुए थे। मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने के बाद दिल्ली का सामना 12 अप्रैल को लखनऊ में लखनऊ सुपरजाएंट्स के साथ होगा।




**कुलदीप पर नजर रखे हुए हैं चयनकर्ता**

भारतीय चयनकर्ता कुलदीप की फिटनेस पर नजर बनाए हुए हैं। आईपीएल के मौजूदा सीजन के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में आईसीसी टी20 विश्व कप का आयोजन होना है और कुलदीप इस टूनार्मेंट के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार हैं। कुलदीप इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन कर आईपीएल में आए हैं। कुलदीप ने इस सीरीज के चार मैच खेले थे और 19 विकेट अपने नाम करने में सफल रहे थे। पांचवें और अंतिम टेस्ट में उन्होंने शानदार गेंदबाजी की थी जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

# 'रोहित की कप्तानी में मुंबई ने हारे थे पांच मैच', हार्दिक को मिला इस पूर्व बल्लेबाज का समर्थन

**नई दिल्ली।** हार्दिक पांड्या और मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल 2024 सीजन की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। हर मैच के साथ ही यह और भी जटिल होता जा रहा है। हार्दिक को रोहित शर्मा की जगह मुंबई की कप्तानी संभालने पर हार्दिक को फैंस की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि टीम को उनकी कप्तानी में लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि हार्दिक को अब पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का साथ मिला है। सहवाग का कहना है कि मुंबई को रोहित की कप्तानी में भी पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन टीम इसके बाद जीत की पटरी पर लौटने में सफल रही थी। हार्दिक हो रहे हूटिंग का शिकार हार्दिक के लिए सीजन का पहला मैच ही अच्छा नहीं रहा था, जबकि होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए मैच के दौरान भी हार्दिक को फैंस के गुस्से का सामना करना पड़ा था। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में जब हार्दिक टॉस करने आए तो उन्हें मुंबई के फैंस ने बू किया। इससे प्रेजेंटर संजय माजरेकर भी नाराज हुए थे और उन्होंने दर्शकों से उचित व्यवहार करने की अपील की थी। हालांकि लगातार तीन मैच हारने से हार्दिक के नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठने लगे हैं। 'हार्दिक को हटाने के पक्ष में नहीं हैं सहवाग' राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार के बाद पूर्व भारतीय क्रिकेटर मनोज तिवारी ने कहा था कि हो सकता है अब मुंबई रोहित को दोबारा कप्तानी सौंप दे। हालांकि सहवाग इस सलाह से सहमत नहीं है। उनका कहना है कि मुंबई का इतिहास ही टूनामेंट में धीमी शुरूआत करने का रहा है। सहवाग ने साथ ही कहा कि जब रोहित मुंबई की कमान संभालते थे उस वक्त टीम को शुरूआत में लगातार पांच हार का सामना करना पड़ा था। सहवाग ने कहा, इस टीम ने रोहित की कप्तानी में लगातार पांच मैच भी हारे हैं, लेकिन इसके बाद उन्होंने सफल वापसी की थी इसलिए उन्हें हार्दिक के मामले में थोड़ा संयम रखने की आवश्यकता है। यह उनके स्टेट्स है। अभी टीम 0-3 से पीछे है, लेकिन हो सकता है कि इससे आगे निकल जाएं। इससे टीम प्रबंधन के संयम की परीक्षा भी हो रही है। 'नहीं लगता कि मुंबई अभी कप्तान बदलने के बारे में विचार कर रहा है' सहवाग ने कहा, इससे पहले 2-3 फ्रेंचाइजी भी ऐसा कर चुकी हैं। पंजाब, चेन्नई ने ऐसा किया है। सीएसके ने जडेजा को कप्तानी सौंपी थी, लेकिन फिर महेंद्र सिंह धोनी को कमान सौंप दी थी। ये सब टूनामेंट के बीच में हुआ था।




# उमेश किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज, गिल ने खेली सीजन की सबसे बड़ी पारी

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2024 का 17वां मैच अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में कप्तान शुभमन गिल के 48 गेंद में नाबाद 89 रन की बदौलत गुजरात ने पंजाब के खिलाफ चार विकेट पर 199 रन बनाए। गिल के 89 रन आईपीएल के 17वें सीजन की अब तक की सबसे बड़ी पारी है। वह ओपनिंग करते हुए अंत तक नाबाद रहे। उनसे पहले यह रिकॉर्ड सुनील नरेन के नाम था। उन्होंने बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 85 रन बनाए थे।

**आईपीएल 2024 का 300वां छक्का गिल के बल्ले से**

गिल ने पहले केन विलियम्सन और फिर साई सुदर्शन और आखिर में राहुल तेवतिया के साथ कुछ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाईं। गिल ने पहले ओवर में हरप्रीत बराड़ की आखिरी गेंद पर छक्का लगाया। यह इस आईपीएल का 300वां छक्का रहा। इस आईपीएल में 3773 गेंद में 300 छक्के लगे, जो की किसी आईपीएल में सबसे तेज 300 छक्के पूरे करने का रिकॉर्ड है। इससे पहले सबसे कम गेंद में 300 छक्के 2018 के सत्र में लगे थे। तब 4578 गेंद में 300 छक्के पूरे हुए थे। 17वें मैच में ही 300 छक्के पूरे वहीं, इस सीजन 17वें मैच में ही 300 छक्के पूरे हो गए। इससे पहले किसी सीजन में इतने मैच तक 300 छक्के पूरे नहीं हुए थे। इस सीजन हर 12.5 गेंद पर एक छक्का लगा है, जो कि सबसे शानदार आंकड़े हैं। पिछले सीजन 17 मैच के बाद 259 छक्के लगे थे। पिछले सत्र 17 मैच के बाद हर 15.3 गेंद पर एक छक्का लगा था। वहीं, 2022 में 17 मैच के बाद 245 छक्के, 2020 में 17 मैच के बाद 258 छक्के और 2018 में 17 मैच के बाद 245 छक्के लगे थे। उमेश यादव ने बनाया रिकॉर्ड इसके बाद पंजाब की पारी के दौरान दूसरे ओवर की पहली गेंद पर उमेश यादव ने शिखर धवन को बोल्ड किया। इस विकेट के साथ ही उमेश आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। पंजाब के खिलाफ उन्होंने 34 विकेट लिए हैं, जो कि किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर मोहित शर्मा हैं, जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 33 विकेट लिए हैं। वहीं, सुनील नरेन ने पंजाब के खिलाफ और ड्वेन ब्रावो ने मुंबई के खिलाफ 33-33 विकेट लिए हैं।




**पंजाब ने लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया**

जवाब में पंजाब ने 19.5 ओवर में तीन विकेट रहते जीत हासिल की। शशांक सिंह ने 29 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 61 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, युवा आशुतोष शर्मा ने 17 गेंद में 31 रन की पारी खेली। इन दोनों ने मिलकर मैच पलट दिया। टीम ने एक वक्त 111 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद शशांक, जितेश और आशुतोष ने पंजाब के लिए मैच बनाया। 200 रन का चेज इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा चेज है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स को पीछे छोड़ा, जिसने बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 183 रन चेज किए थे।

पंजाब ने आईपीएल में छठी बार 200 या इससे ज्यादा रन के लक्ष्य को हासिल किया। यह किसी भी द्वारा सबसे ज्यादा है। दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस की टीम है, जिसने पांच बार ऐसा किया है। टाइटंस के खिलाफ दूसरी बार 200 या इससे ज्यादा का लक्ष्य चेज हुआ है। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने 2023 आईपीएल में 205 रन का लक्ष्य हासिल किया था।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जग्गी सिंह केवट ने महर्षि कश्यप जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर की पुष्पांजलि अर्पित।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद जाकिर सैफी का श्री दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी से विशेष स्नेह रहा है। मंदिर में पूजा अर्चना से लेकर ईद पर्व पर एक दूसरे को बधाई शुभकामनाए देना दोनों ही नहीं भूलते। महंत नारायण गिरी के जन्मदिन पर पूर्व पार्षद जाकिर सैफी ने मंदिर पहुंच कर उन्हें जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दीं। उनकी लंबी आयु उत्तम स्वास्थ की कामना की।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शनिवार 06 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# आज सभी की नजरें रहेंगी रोड शो पर

## होनी है इस कार्यक्रम की व्यापक समीक्षा

## संगठन के साथ-साथ प्रत्याशी अतुल गर्ग की होगी अग्नि परीक्षा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो आज होगा। इस रोड शो के लिए भाजपा के संगठन में व्यापक तैयारी की हैं। एक एक कार्यक्रम की मानीटरिंग हुई है और इस रोड शो की थीम का ताना बाना बुना गया है। संगठन कोई कोर कसर नहीं छोडना चाहता है और प्रधानमंत्री का यह रोड शो लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के लिए भी अग्नि परीक्षा है। सबसे बड़ी बात ये है कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलग से समय दिया है। उनका अलग से स्पेशल कार्यक्रम आया है। अब से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो बार गाजियाबाद में विजिट की है और वो नदिया के उस पार रही है।



डोमेस्टिक एयरपोर्ट के उद्घाटन लेकर रैपिड रेल तक विधानसभा साहिबाबाद रही है। लेकिन इस बार बहुत कुछ बदला हुआ है। भाजपा ने अपने शहर विधायक अतुल गर्ग को लोकसभा चुनाव का टिकट थमाया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने लोकसभा उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो करने के लिए आज गाजियाबाद आ रहे हैं। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम बड़ा कार्यक्रम है और इसे लेकर संगठन ने काफी काम किया है। स्वयं अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले आधी रात तक अम्बेडकर रोड पर डेरा डालकर काम कराते रहे हैं।

वहीं संगठन ने इस रोड शो को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी मेहनत की है। ऐसे में जब शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब रोड शो के लिए निकलेंगे तो यहां कदम कदम पर इस रोड शो की समीक्षा होनी है और सबसे बड़ी बात ये है कि ये रोड शो संगठन से लेकर लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के लिए अग्नि परीक्षा है। यहां पर जनता जनार्दन भी चाहिए और अनुशासन भी चाहिए। सबकुछ वैसे ही होना चाहिए जैसा तय हुआ है। अब संगठन अपनी तैयारियों में कितना सफल हुआ है और लोकसभा उम्मीदवार को कितने अंक मिले हैं ये समीक्षा के बाद तय होगा।



अब से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है दो बार गाजियाबाद में विजिट

### भगवा कमांडर के सामने है हिट प्रोग्राम देने की चुनौती

करंट क्राइम। भगवा कमांडर के नाम से मशहूर भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा पहले भी कई सफल और हिट कार्यक्रम करा चुके हैं। उनके नेतृत्व में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पहले भी स्वागत हुआ है। मुख्यमंत्री का रोड शो भी हुआ है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो पहली बार हो रहा है। संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष है और उनके कंधे पर एक बड़ी जिम्मेदारी है। सबसे खास बात ये है कि भगवा कमांडर ने यहां डेरा डालकर पूरी कमान को संभाला है। प्रोग्राम फाईनल होने के बाद से दिन रात इस रोड शो को सफल बनाने के लिए जुटे हुए हैं। संगठन दृष्टि से कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को साथ लिया और बैठक की। इसके अलावा भाजपा के मोर्चों को एक्टिवेट किया है। संगठन की टीम लगी हुई है। यहां उन्होंने अपने प्रिय साथी और महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के जिम्मे भी बड़ी जिम्मेदारियां सौंपी हैं। लगातार कैम्प कर रहे हैं और उनके कुशल मैनेजमेंट का जलवा आज देखने को मिल सकता है। इस सफल कार्यक्रम के साथ ही उनका नाम ऐसे अध्यक्षों की सूची में जुड़ जायेगा जिन्होंने महानगर अध्यक्ष रहते हुए अपने कार्यकाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष से लेकर देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सफल रोड शो की उपलब्धि अपने नाम की है। संजीव शर्मा से सभी को काफी उम्मीदे हैं क्योंकि उनका टीम वर्क गजब का माना जाता है और वो पूरी थीम पर काम करते हैं। संजीव शर्मा के हिस्से में कई उपलब्धियां पहले से हैं वो प्रबुद्ध सम्मेलन के सफल आयोजन से अपनी चुनावी पारी का आगाज कर चुके हैं।



**संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष हैं और उनके कंधे पर एक बड़ी जिम्मेदारी है। सबसे खास बात ये है कि भगवा कमांडर ने यहां डेरा डालकर संभाल ली है पूरी तरह से कमान**

## यशस्वी प्रधानमंत्री के स्वागत को पूरा गाजियाबाद तैयार : जगदीश साधना

**'नरेन्द्र मोदी का भारत के प्रधानमंत्री के अलावा वैश्विक नेता के रूप में भी पूरे विश्व में बज रहा है डंका'**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश साधना ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है और उन्होंने गाजियाबाद की धरा पर प्रधानमंत्री के आने के लिए उनका कोटी कोटी धन्यवाद किया।



जगदीश साधना ने कहा कि जिन नरेन्द्र मोदी का भारत के प्रधानमंत्री के अलावा वैश्विक नेता के रूप में पूरे विश्व में डंका बज रहा है। ऐसे महान प्रधानमंत्री गाजियाबाद की जनता के बीच आ रहे हैं। यह हम सबका परम सौभाग्य है। जगदीश साधना ने कहा कि गाजियाबाद की जनता को अपने प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचना है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में उनके रोड शो में पहुंचे। प्रधानमंत्री की नीतियों को सपोर्ट करें और चुनाव में हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों के लिए वोट करेंगे। हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारे बीच होंगे और हम उन्हें देख पायेंगे और यदि समय रहा तो प्रधानमंत्री को सुनने का मौका भी मिलेगा।

## हिमांशु लव ने की जनता से पीएम का रोड शो सफल बनाने की अपील

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो को सफल बनाने की अपील की है। हिमांशु लव ने एक वीडियो जारी किया और अधिक से अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचाई है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मेघा रोड शो 4 बजे से मालीवाड़ा चौक से शुरू होगा। यह हम सबके लिए एक ऐतिहासिक पल होगा जब देश के प्रधानमंत्री हमारे बीच होंगे और हमें उनका स्वागत करने का अवसर मिलेगा। हिमांशु लव ने अपनी अपील में गाजियाबाद के लोगों से कहा है कि वो अधिक से अधिक संख्या में रोड शो में पहुंचे। देश के प्रधानमंत्री का अभिनंदन करने का लाभ उठायें। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसे करिशमाई नेता हैं जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी देश को एक मजबूत पहचान दे रहे हैं। प्रत्येक भारतवासी को इस बात का गर्व है कि नरेन्द्र मोदी जैसी सख्सीयत हमारे देश की रहनुमाई कर रही है। उन्होंने कहा कि आज का रोड शो ऐतिहासिक होगा और मैं गाजियाबाद की जनता से यही अपील करता हूं कि वो इस ऐतिहासिक रोड शो के भागीदार बनें। राष्ट्रवाद को समर्थन दें और राष्ट्र सर्वोपरि के नारे के साथ काम करें।



## जब कमांडर और रेस्लर ने करंट क्राइम को कराये रोड शो की तैयारी के लाइव दीदार

### कहा- हमने कर ली है पूरी तैयारी और हम उत्साह के साथ हैं तैयार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आज पीएम का रोड शो होना है और इस रोड शो को लेकर भाजपा संगठन ने पूरी तैयारी कर ली है। रोड शो को लेकर कार्यकताओं में गजब का उत्साह है। रोड शो में पुष्प वर्षा होनी है। विभिन्न राज्यों की सास्कृतिक झांकी भी दिखाई जायेगी। व्यापार मंडलों को भी लिया गया है और कई अन्य थीम भी बनाई गई हैं।

सबसे बड़ी बात ये है कि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और महामंत्री पप्पू पहवान ने रोड शो के स्थान पर डेरा डाल लिया है। एक एक चीज की खुद मानीटरिंग कर रहे हैं। सुरक्षा टीमों से लेकर कार्यकताओं के साथ समन्वय बिठाया है। शुक्रवार को दैनिक करंट क्राइम को भगवा कमांडर और उनके फ्रैंड रेस्लर ने रोड शो की तैयारी के लाइव दीदार कराये। पहलवान और पहलवान के दोस्त ने कई मौकों पर विस्तार से बताया कि कम दूरी में एक पूरा लोकसभा का चित्रण समेटा गया है। सभी कार्यकर्ता इस रोड शो को लेकर उत्साहित हैं।



करंट क्राइम से बातचीत में भगवा कमांडर और उनके दोस्त रेस्लर ने बताया कि पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। एक एक बिन्दु पर काम हुआ है और लाइव कार्यक्रम के जरिए करंट क्राइम को बता रहे हैं कि देश के प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पूरी भाजपा एकजुट है। पूरा गाजियाबाद अपने प्रधानमंत्री के दीदार के लिए उत्साहित है। वहीं जब भगवा कमांडर और उनके मित्र रेस्लर ने दैनिक करंट क्राइम को रोड शो की तैयारियों के लाइव दीदार कराये तो दोनों बेहद उत्साहित नजर आये।





## जब पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने खुद को पहचानने से कर दिया था इंकार

### कोई पहचानने की कोशिश कर रहा था और बालेश्वर त्यागी आ रहे थे टैम्पो में होकर सवार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीवन में कई बार ऐसी परिस्थितियां आती हैं जब व्यक्ति खुद को पहचानने से इंकार कर देता है। कई बार वो भीड़ में सामान्य व्यक्ति की तरह गुम हो जाता है। ऐसा ही कुछ वाकया पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के साथ हुआ था। ये किस्सा बालेश्वर त्यागी ने खुद ही बताया है और बताया है कि किस तरह से उन्होंने खुद को ही पहचानने से इंकार कर दिया। बालेश्वर त्यागी उत्तर प्रदेश सरकार में गृह राज्यमंत्री रहे हैं। व्यापार कर मंत्री रहे हैं और बेसिक शिक्षा मंत्री रहे हैं। बालेश्वर त्यागी अपनी सरलता और सादगी के लिए जाने जाते हैं।

वो ऐसे मंत्री रहे हैं जिन्होंने सरकार से जेब खर्च के लिए एक रुपया भी नहीं लिया। आज भी वो बेहद सामान्य तरीके से जीते हैं और जिस किस्से का जिक्र उन्होंने किया है वो किस्सा लगभग 15-20 साल पुराना है।

बालेश्वर त्यागी ने बताया है कि एक दिन वो अर्थला के सामने शर्मा पेट्रोल पम्प के पीछे जगदीश शर्मा के प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र पर गये। उन्होंने लिखा है कि मैं सुबह-सुबह प्राकृतिक चिकित्सा करा कर अपने घर के लिए थ्री व्हीलर (गणेश) पकड़ा। उसमें पहले से भी सवारियां बैठी थीं। जब वह टैम्पू



**ये किस्सा बालेश्वर त्यागी ने खुद ही बताया है और बताया है कि किस तरह से उन्होंने खुद को ही पहचानने से इंकार कर दिया। बालेश्वर त्यागी उत्तर प्रदेश सरकार में गृह राज्यमंत्री रहे हैं।**

**बालेश्वर त्यागी उत्तर प्रदेश सरकार में गृह राज्यमंत्री रहे हैं। व्यापार कर मंत्री रहे हैं और बेसिक शिक्षा मंत्री रहे हैं। बालेश्वर त्यागी अपनी सरलता और सादगी के लिए जाने जाते हैं।**

**बालेश्वर त्यागी ऐसे मंत्री रहे हैं जिन्होंने सरकार से जेब खर्च के लिए एक रुपया भी नहीं लिया। जिस किस्से का जिक्र उन्होंने किया है वो लगभग 15-20 साल पुराना है।**

पटेलनगर सेकेंड के सामने पहुंचा तो उसमें एक सज्जन बैठे। वे मुझे बार-बार गौर से देख रहे थे। मैंने अपना मुंह दूसरी तरफ कर लिया। लेकिन वह मुझे पहचानने की कोशिश कर रहा था। आखिर उसने मुझसे पूछ ही लिया कि आप बालेश्वर त्यागी थोड़े ही हो। मैंने इन्कारी की गर्दन हिला दी।

वह बोला मैं भी सोच था था कि बालेश्वर त्यागी टैम्पू में क्यों बैठेंगे? मैं उन्हें अच्छे से जानता हूं। मैं लोहारिया जी की दुकान पर नौकरी करता हूं। वे कई बार वहां आते थे। वे जिसको कहें वही अपनी गाड़ी लेकर उन्हें जहां चाहे छोड़ आएगा।

मैंने उसकी बात का कोई उत्तर नहीं दिया। इतने में टैम्पू घण्टाघर पहुंच गया। गोल मार्किट में वह दुकान थी जिस पर वह नौकरी करता था। वह टैम्पू से उतरा और अपने साथी का नाम लेकर जोर से चिल्लाया और बोला अरे दौड़कर आ और देख बालेश्वर त्यागी की एनमैन शक्ल का आदमी टैम्पू में बैठा है। उसे यकीन नहीं हो रहा था कि बालेश्वर त्यागी टैम्पू में सफर कर सकता है। नेता होना मतलब, गाड़ियों से चलने वाला बड़ा आदमी होता है। वह टैम्पू से जा सकता है इसकी उसने कल्पना तक नहीं की थी। नेता माने असीमित दौलत इकट्ठी करना। बड़ी-बड़ी गाड़ियों में चलने वाला। हमारे टैम्पू में बैठकर जाने की तो कल्पना तक नहीं कर पा रहा था।

ये राजनीति का वो दौर है जब एक सामान्य व्यक्ति यह कल्पना नहीं कर सकता था कि सरकार में मंत्री पद पर रहा कोई व्यक्ति सामान्य लोगों की तरह टैम्पू में बैठकर कहीं जा रहा होगा और बालेश्वर त्यागी की भी सरलता ये है कि वो और अधिक सवालों के फेर में नहीं पड़ना चाहते थे और उन्होंने अपने को ही पहचानने से इंकार कर दिया।

## संपादकीय

# बाबा रामदेव की भ्रामक टिप्पणियां

बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद एक लंबे समय से भ्रामक प्रचार करती रही है कि उसके पास ग्लूकोमा, मधुमेह, रक्तचाप, अर्थराइटिस और अस्थमा सरीखी घातक बीमारियों के स्थायी इलाज हैं। दरअसल बाबा रामदेव ही पतंजलि के उत्पादों के सार्वजनिक चेहरा हैं। विज्ञापनों में वह दावे करते देखे जा सकते हैं कि उनकी औषधियां साक्ष्य आधारित, शोधपरक और लोगों पर परखी जा चुकी हैं। इन विज्ञापनों के व्यापक प्रभाव भी होते हैं, क्योंकि करोड़ों लोगों की बाबा में आस्था है। बाबा के दावों को सच मानते हुए असंख्य लोग पतंजलि की दवाएं खरीदते और इस्तेमाल करते हैं। नतीजतन आज बाबा की कंपनियों का टर्नओवर हजारों करोड़ रुपए है। पतंजलि दवाओं के प्रचार करने के साथ-साथ बाबा रामदेव आधुनिक चिकित्सा प्रणाली एलोपैथी के खिलाफ विष-वमन भी करते रहे हैं। बाबा ऐसा क्यों करते हैं? पतंजलि के अलावा, झंडु, बैद्यनाथ, हमदर्द, डाबर आदि प्रख्यात कंपनियां भी आयुर्वेद औषधियों का व्यापक स्तर पर उत्पादन करती हैं। उन्होंने तो कभी भी एलोपैथी के खिलाफ जहर नहीं उगला। सर्वोच्च अदालत ने इस भ्रामक और गलत प्रचार के लिए बाबा रामदेव को मना भी किया था, लेकिन बाबा और पतंजलि समूह के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण देश की शीर्ष अदालत के निर्देशों का ही उल्लंघन करते रहे हैं। बाबा के आयुर्वेद बनाम एलोपैथी की यह लड़ाई, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के जरिए, बीते दो सालों से सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। अब बात बाबा के माफीनामे से भी आगे निकल चुकी है। मौजूदा दौर जीवन-शैली के रोगों का है, लिहाजा योग, आयुर्वेद, शरीर को विष-मुक्त करना और हर्बल थेरेपी आदि ज्यादा लोकप्रिय हैं। लोग उनके जरिए स्वास्थ्य-लाभ पा रहे हैं। देश की मोदी सरकार ने भी आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग और सिद्ध आदि चिकित्सा प्रणालियों का एक ही मंत्रालय-आयुष-में विलय कर दिया है। जन औषधि केंद्रों के जरिए जेनरिक दवाएं भी लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। बेशक स्वास्थ्य की देखभाल में इन प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन बाबा जैसे पैरोकार आधुनिक चिकित्सा प्रणाली एलोपैथी को गालियां देते हुए अथवा जहर बेचने वाले करार देकर अपने आयुर्वेद को नहीं बेच सकते। जस देश में नीम -हकीमी और विज्ञान-विरोधी मानसिकता अनियंत्रित हो, उसमें नियामक प्रोटोकॉल से कोई भी समझौता नहीं किया जा सकता। नियामक संस्थाएं पतंजलि की औषधियों की जांच करें। यह उनका संवैधानिक अधिकार भी है। जांच की प्रक्रिया के बाद अपने निष्कर्ष देश के सामने रखें कि पतंजलि की दवाओं का सच क्या है? बाबा रामदेव देश, उसके संविधान और कानून से ऊपर नहीं हो सकते। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दौरान भी बाबा ने लोगों की चिंताओं से खिलवाड़ किया और कई गलत दावे किए। उनकी भी सम्यक जांच होनी चाहिए। सर्वोच्च अदालत में सुनवाई के दौरान पतंजलि को खूब फटकार भी लगाई गई है। बाबा रामदेव ने फार्मा और मेडिकल इंडस्ट्री की गलत धारणाओं से बचने की चेतावनी देश को दी थी और यहां तक आरोप लगाए थे कि ये जहर बेच रहे हैं, लिहाजा खुद को बचाओ। बाबा ऐसी टिप्पणियां किस आधार पर कर सकते हैं? यदि शरीर के भीतर किसी रोग की गहराई तक पहुंचना है, तो उसके लिए आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में अनेक अनुसंधान किए गए हैं। वे मानवीय जिंदगी को बचाने में सक्षम हैं। प्राचीन पद्धतियों में अपनी परंपरागत खामियां भी हैं। मामला अदालत में है, लिहाजा हल सामने आना चाहिए।

# अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के



**लोक** जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। कहते हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते।

बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी।

इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं।

पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है। कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं। इसका पता तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद ही लग पाएगा। फिलहाल तो पशुपति पारस ना घर के रहे ना घाट के रहे वाली स्थिति में है। खुद को सन ऑफ मल्लाह कहलाने वाले विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है। कभी मुंबई की फिल्में इंडस्ट्री में काम कर पैसे कमाने वाले मुकेश सहनी की फितरत एक जगह टिकने की नहीं रही है। वह बिहार में बड़ी राजनीति करने का सपना देखते रहते हैं। इसी चक्कर में वह अलग-अलग गठबंधनों में शामिल होकर चुनाव लड़ते रहे हैं। मगर कभी चुनाव नहीं जीत पाए हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिहार के एनडीए गठबंधन में शामिल होकर 13 सीटों पर अपनी पार्टी को चुनाव लड़वाया था और उनकी पार्टी के चार विधायक जीते थे। उनका स्वयं को भी नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था। मगर अपनी फितरत के मुताबिक वह अधिक समय तक गठबंधन में नहीं टिक पाए। तब भाजपा ने उनके विधायकों को तोड़ लिया और वह अकेले रह गए। अब उनका विधान परिषद का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के एनडीए व लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मगर उनके मांग पत्र व सीटों की संख्या देखकर किसी भी गठबंधन ने उनसे तालमेल करना मुनासिब नहीं समझा। दोनों ही गठबंधन उन्हें बातों में उलझाए रखा और अंत में किसी ने भी उनके साथ तालमेल नहीं किया। आज मुकेश सहनी यदि लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें अपने ही दम पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा।

पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव किसी समय बिहार में चर्चित युवा नेता होते थे। कम उम्र में ही कई बार सांसद, विधायक बनने वाले पप्पू यादव की बाहुबली वाली छवि के चलते उन्हें चुनाव जीतने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। एक समय उन्होंने शरद यादव जैसे दिग्गज नेता को भी हरा दिया था। मगर अब समय का फेर देखिए आज वही पप्पू यादव एक टिकट के लिए मारे मारे घूम रहे हैं। पिछले दिनों उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से अपने संबंध सुधारने के लिए उनके आवास पर जाकर हाजिरी भी दे दी थी। फिर उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जाकर कांग्रेस में विलय कर दिया था।


कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने पूर्णिया से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू प्रसाद यादव ने पप्पू यादव को माफ नहीं किया था और उसके साथ खेला कर दिया।

## देश की सबसे पुरानी पार्टी ने जीएसटी 2.0 लाने का वादा किया, कहा- एमएसपी की कानूनी गारंटी देंगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि पार्टी कांग्रेस तेजी से विकास और धन सृजन के लिए प्रतिबद्ध है। हमने अगले 10 साल में जीडीपी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस ने कहा है कि देश की जीडीपी (स्थिर कीमतों पर) 1990-91 में करीब 25 लाख करोड़ रुपये की थी। अगले 13 सालों में पहले कांग्रेस और फिर अलग-अलग गठबंधन सरकारों के कार्यकाल में जीडीपी दोगुनी होकर 2003-04 में 50 लाख करोड़ रुपये पर पहुंची। 2004 में यूपीए सरकार बनने के बाद अगले 10 वर्षों जीडीपी एक बार फिर दोगुनी होकर 100 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। पर उसके बाद भाजपा और एनडीए की सरकार ने अगले 10 साल में जीडीपी को फिर से दोगुना करने अवसर गंवा दिया। कांग्रेस ने कहा कि अगर पिछले 10 वर्षों में कांग्रेस की सरकार होती तो देश की अर्थव्यवस्था एक बार फिर दोगुनी होकर 2023-24 में 200 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई होती। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा के कुप्रबंधन के कारण ऐसा नहीं हो पाया और 2023-24 की समाप्ति पर जीडीपी महज 173 लाख करोड़ रुपये पर ही पहुंच पाई। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा कि हमारी पार्टी तेज विकास और धन सृजन के प्रति प्रतिबद्ध है। जीएसटी कानून पर कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा कि कांग्रेस एनडीए सरकार के जीएसटी कानूनों को जीएसटी 2.0 से बदलेगी। कांग्रेस ने कहा कि जीएसटी की नई व्यवस्था सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत सिद्धांत पर आधारित होगी। जीएसटी एकल, मध्यम दर (कुछ अपवादों को छोड़कर) होगी जो गरीबों पर बोझ नहीं डालेगी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि कृषि क्षेत्र के इनपुट पर जीएसटी नहीं लगाया जाएगा। कांग्रेस ने कहा है कि जीएसटी काउंसिल का फिर से गठन किया जाएगा और यह पॉलिसी व जीएसटी से जुड़े अन्य सभी मामलों के लिए अंतिम अथॉरिटी होगा।

## रेपो रेट में बदलाव नहीं, एफवाई 25 में 4.5% रहेगी मुद्रास्फीति, जीडीपी 7% रहने की उम्मीद



**नई दिल्ली।** आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की लगातार सातवीं बैठक में रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एमपीसी ने इसे 5:1 के बहुमत के आधार पर 6.5% पर ही बरकरार रखा है। आइए विस्तार से समझें महंगाई और विकास दर पर केंद्रीय बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने एमपीसी की बैठक के क्या-क्या कहा? वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए महंगाई दर का अनुमान 4.5% पर बरकरार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.4 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए कहा कि इस वर्ष मानसून की स्थिति को सामान्य मानते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 4.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 4.5 प्रतिशत रहने की संभावना है।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत पर बरकरार रखा है। यह 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के अनुमान से कम है। आरबीआई ने अपनी फरवरी की मौद्रिक नीति में एक अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

### यूपीआई के जरिए कैश डिपॉजिट मशीन में नकद जमा करने का प्रस्ताव

अब कैश डिपॉजिट मशीन (सीडीएम) के माध्यम से नकदी जमा करने के लिए मुख्य रूप से डेबिट कार्ड का उपयोग किया जाता है। एटीएम में यूपीआई का उपयोग करके कार्ड-रहित नकद निकासी से प्राप्त अनुभवों को देखते हुए, अब यूपीआई का उपयोग करके सीडीएम में नकदी जमा करने की सुविधा भी प्रदान करने का प्रस्ताव है। यह उपाय ग्राहकों की सुविधा को और बढ़ाएगा और बैंकों में मुद्रा हैंडलिंग प्रक्रिया को और अधिक कुशल बनाएगा। सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी के लिए पझ्कलाएगा मोबाइल एप भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी को सुगम बनाने के लिए जल्द ही एक मोबाइल ऐप पेश करेगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए यह प्रस्ताव किया। नवंबर, 2021 में पेश की गई आरबीआई की रिटेल ह्यडायरेक्ट स्कीमह्ब व्यक्तिगत निवेशकों को केंद्रीय के साथ गिल्ट खाते बनाए।

## राशिफल

**मेष:** मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी।

**वृष:** स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन:** पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच?छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**कर्क:** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है।

**सिंह:** प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी।

**कन्या:** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें।

**तुला:** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं।

**वृश्चिक:** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है।

**धनु:** अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें।

**मकर:** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे।

**कुंभ:** पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

## चुटकुले

एक बुजुर्ग व्यक्ति - बेटा कैसे हो।
बच्चा - ठीक हूं
बुजुर्ग - पढ़ाई कैसी चल रही है?
बच्चा - बिलकुल आपकी जिंदगी की तरह.!
बुजुर्ग - मतलब?
बच्चा - भगवान भरोसे.!!

---

पब्लिक टॉयलेट में लिखा था
'दुनिया चांद पर पहुंच गई
और तू यहीं पर बैठा है'.
बंटू ने अपना दिमाग लगाया
और नीचे लिखा
'चांद पर पानी नहीं था
इसलिए वापस आ गया।

---

गटरू- एक किलो शक्कर देना
दुकानदार- ठीक है देता हूं अभी
दुकानदार- और क्या चाहिए
गटरू- कुछ नहीं बस इतना ही दे दो
दुकानदार- हमारे पास सब कुछ मिलता है
गटरू- सरकारी नौकरी लगवा दो फिर...

## रोचक तथ्यों का करंट

- 1910 में गेंद के मैदान के ऊपर से जाने पर 6 रन दिए गए।
- 1928 में वेस्ट इंडीज की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- 1932 भारतीय टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- 1952 पाकिस्तान की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।
- ब्रॉयन लारा ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने टेस्ट मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाये। 400 इंग्लैंड के खिलाफ।
- ऑस्ट्रेलिया सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप जीतने वाला देश है।
- वर्ल्ड कप में गेंद का रंग लाल होता था परन्तु 1992 के वर्ल्ड कप में गेंद का रंग सफेद कर दिया गया।
- वर्ल्ड कप में सचिन तेंदुलकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं।
- 1877 में पहला टेस्ट मैच खेला गया। यह मैच ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच में खेला गया जिसमे ऑस्ट्रेलिया की जीत हुई।
- 1880 में इंग्लैंड में पहला टेस्ट मैच खेला गया, जिसमे इंग्लैंड की जीत हुई। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के साथ खेला गया।
- 1889 में साउथ अफ्रीका की टीम ने अपना पहला टेस्ट मैच खेला।

## 06 04 2024 आज के जन्मदिन

करंट क्राइम परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



जय (अभिनेता)



सुनील कुमार, सविता तिवारी, इशिता अग्रवाल, आशु मलिक, संजय कौशिक, रविन्द्र गोस्वामी

अजय वर्मा, सुनील कुमार, नितिन सिंगल, पवन कुमार कर्दम, गौरव ठाकुर, प्रदीप कुमार

अरविंद कुमार, अतुल मिश्रा, कुंवर आस मौहम्मद मलिक, उस्मान सैफी, नितिन तौमर

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# निर्वाचन आयोग ने कम मतदान वाली 266 संसदीय सीटों की पहचान की, मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर रहेगा जोर



नयी दिल्ली, करंट क्राइम। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि उसने कम मतदान वाले कुल 266 संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है और वह लोकसभा चुनावों में इन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए योजना बना रहा है। इन 266 संसदीय क्षेत्रों में से 215 ग्रामीण इलाकों में हैं। प्रमुख शहरों के नगर निगम आयुक्तों और बिहार और उत्तर प्रदेश के चुनिंदा जिला चुनाव अधिकारियों (डीईओ) ने चिह्नित शहरी और ग्रामीण लोकसभा सीटों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने पर यहां चर्चा की।

निर्वाचन आयोग ने कम मतदान को लेकर आयोजित एक सम्मेलन में कहा कि कम मतदान वाले 266 संसदीय क्षेत्रों की पहचान की गई है जिनमें से 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड सहित 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जोर देकर कहा कि ह्यएक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है। वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की वकालत की। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 19 अप्रैल से शुरू होगा। मतों की गिनती चार जून को होगी।

**बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड सहित 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था।**

# उत्तराखंड के 5892 बूथों की होगी वेबकास्टिंग, हर हलचल पर रहेगी चुनाव आयोग की नजर

**देहरादून, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव में राज्य के 11,729 में से 5892 बूथों पर वेबकास्टिंग होगी। यहां होने वाली हर हलचल को चुनाव आयोग की टीम देख सकेगी। जरूरत पड़ने पर तत्काल मदद या कार्रवाई की जा सकेगी।

सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में ब्रीफिंग करते हुए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे ने बताया कि आयोग की ओर से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए अनेक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मतदेय स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करना, ऑब्जर्वर की तैनाती, बूथ लेवल पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती, पोलिंग पार्टियों का रेंडमाइजेशन करना और सेक्टर ऑफिसर की तैनाती करना एवं अन्य व्यवस्थाएं इसमें शामिल हैं। आयोग के निर्देशों के तहत राज्य के 11,729 पोलिंग स्टेशन में से 5892 पोलिंग स्टेशन को वेबकास्टिंग में लिया जाएगा। मतदान के दिन जो भी घटनाक्रम मतदान केंद्र में हो रहा है उसकी जानकारी एआरओ के पास लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से पहुंच जाएगी। पोलिंग बूथों पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पीठासीन अधिकारी और पोलिंग एजेंट सीधे अपने एआरओ से बात कर सकते हैं। कोई भी शिकायत अपने जिला स्तरीय निर्वाचन अधिकारी से कर सकते हैं। जिलास्तर पर वेबकास्टिंग के लिए टीमें तैयार कर ली गई हैं। उनका प्रथम प्रशिक्षण भी हो चुका है। जनपद स्तर पर वेबकास्टिंग का एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। राज्य स्तर पर भी एक कंट्रोल रूम तैयार किया जाएगा, जिसके माध्यम से राज्य की पांचों लोकसभा सीट पर होने वाली वेबकास्टिंग की लाइव स्ट्रीमिंग की व्यवस्था होगी।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी 11729 पोलिंग स्टेशन पर तैनात होने वाले मतदान कार्मिकों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सा विभाग से समन्वय कर बेहतर प्रयास किए गए हैं। इसके लिए कैशलेस ट्रीटमेंट का निर्णय किया गया है। राज्य में निर्वाचन से जुड़े राज्य के सभी कर्मचारियों और अन्य राज्यों के कर्मचारियों को भी यह सुविधा दी जाएगी। इस व्यवस्था के तहत सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों को लिया गया है। पोलिंग पार्टियों को किस सुविधा केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना है, इसके लिए बूथ लेवल हेल्थ मैनेजमेंट प्लान बनाया गया है। राज्य के सभी जिला अस्पताल, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों की जानकारी सभी पोलिंग पार्टियों तक उपलब्ध रहेगी। आपातकालीन स्थिति में किस पुलिस स्टेशन और फायर कार्यालय से संपर्क करना है, निकटतम एंबुलेंस और हेलीपैड की जानकारी भी पोलिंग पार्टियों को दी जाएगी।

**उत्तराखंड लोकसभा चुनाव 2024**



**आयोग के निर्देशों के तहत राज्य के 11,729 पोलिंग स्टेशन में से 5892 पोलिंग स्टेशन को वेबकास्टिंग में लिया जाएगा। मतदान के दिन जो भी घटनाक्रम मतदान केंद्र में हो रहा है उसकी जानकारी एआरओ के पास लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से पहुंच जाएगी।**

# शिवपाल यादव की उम्मीदें फिर हुई जिंदा...

**लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक बनते ही शिवपाल यादव जोश में में नजर आ रहे हैं, भतीजे समाजवादी पार्टी के सुप्रीमों अखिलेश यादव के प्रति गदगद हो रहे हैं, यूं कहा जाये कि उनकी उम्मीदें लोकसभा चुनाव में बेहतर करने को लेकर फिर जिंदा हो गई है गलम नहीं होगा।**



बदायूं। लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक बनते ही शिवपाल यादव जोश में में नजर आ रहे हैं, भतीजे समाजवादी पार्टी के सुप्रीमों अखिलेश यादव के प्रति गदगद आ रहे हैं, यूं कहा जाये की उनकी उम्मीदें लोकसभा चुनाव में बेहतर करने को लेकर फिर जिंदा हो गई है। बदायूं से समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार शिवपाल यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि हम सबसे वोट मांगेंगे, वोट दोगे तो ठीक नहीं तो ..। खैर यह तो होता ही रहता है, चुनावों का दौर है हर एक कोई आपके वक्तव्यों को संजो कर रखता है। शिवपाल यादव तो मंच के पुराने खिलाड़ी हैं उन्हें भलीभांति पता है कब कहां और क्या बोलना है। वायरल हुए शिवपाल यादव के वीडियो में सपा के वरिष्ठ नेता के साथ मंच पर सहसवान से सपा विधायक ब्रजेश यादव और शिवपाल के बेटे भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में यह स्पष्ट नहीं है कि शिवपाल ने यह टिप्पणी कहां की है। उन्होंने यह टिप्पणी कब की, यह भी स्पष्ट नहीं है।



हालांकि, शिवपाल यादव के साथ मंच साझा करते नजर आ रहे सपा विधायक ब्रजेश यादव ने शुक्रवार को से कहा, वीडियो को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। यह वीडियो 15 मार्च का है और यह तब का है जब शिवपाल यादव गुन्नौर की ओर जा रहे थे। उन्होंने यह बयान बदायूं के बिल्सी विधानसभा क्षेत्र में दिया। जिलाधिकारी बदायूं मनोज कुमार ने बताया कि हमने वीडियो का पता लगा लिया है।कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस वायरल वीडियो के संबंध में जानकारी मांगी है। जिलाधिकारी ने कहा कि उनके द्वारा जनपद में गठित शिकायत प्रकोष्ठ में मीडियाकर्मियों द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो की जांच की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी। शिवपाल यादव वर्तमान में इटावा जिले के जसवंतनगर से सपा विधायक हैं। बदायूं में तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा।

**शिवपाल यादव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है कि हम सबसे वोट मांगेंगे, वोट दोगे तो ठीक नहीं तो ..। खैर यह तो होता ही रहता है, चुनावों का दौर है हर एक कोई आपके वक्तव्यों को संजो कर रखता है। शिवपाल यादव तो मंच के पुराने खिलाड़ी हैं उन्हें भलीभांति पता है कब कहां और क्या बोलना है।**

# क्या फिर चौंकाएगा कूचबिहार, बंगाल की लड़ाई में सीएए का कॉकटेल कितना टर्निंग फैक्टर साबित होगा?

कोलकाता। महज कुछ घंटे और 30 किलोमीटर की दूरी पर दो चुनावी रैलियों ने पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव की लड़ाई को टॉप गियर में पहुंचा दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच गुरुवार को उत्तर बंगाल के कूचबिहार में आमना-सामना हुआ। कूच बिहार और उत्तर बंगाल की दो अन्य लोकसभा सीटें, जहां 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है, भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों के लिए महत्वपूर्ण रहा। यदि भाजपा को अपने 400 पार लक्ष्य तक पहुंचना है तो उसे तीन सीटें बरकरार रखनी होंगी और यदि वह बंगाल में भाजपा की वृद्धि को रोकना चाहती है तो उसे तीन सीटें छीननी होंगी। जहां पीएम मोदी ने कूच बिहार के राश मेला ग्राउंड में एक रैली को संबोधित किया और कूच बिहार और निकटवर्ती अलीपुरद्वार के भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया, वहीं बंगाल की सीएम ने सिर्फ 30 किमी दूर कूच बिहार के पश्चिम में माथाभांगा में उत्तर बंगाल के टीएमसी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

19 अप्रैल को मतदान

दोनों नेताओं ने 2019 के नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का इस्तेमाल किया, जिसे हाल ही में अधिसूचित किया गया था, और इसे एक गर्म विषय में बदल दिया। उत्तर बंगाल की सीटों की जनसांख्यिकीय संरचना को देखते हुए सीएए के गुण और दोष केंद्र में आ गए। भूटान, नेपाल और सबसे महत्वपूर्ण बांग्लादेश की सीमा से लगा बंगाल का क्षेत्र, बांग्लादेश से बड़ी संख्या में प्रताड़ित हिंदुओं, आदिवासियों और अन्य हाशिये पर रहने वाले समुदायों का भी घर है। हाशिए पर रहने वाले समुदाय के लोगों की बड़ी संख्या के कारण भी तीन सीटें आरक्षित की गई हैं। पहले चरण में अलीपुरद्वार (एसटी), कूच बिहार (एससी) और जलपाईगुड़ी (एससी) की आरक्षित सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।




## बंगाल में मतुआ क्यों मायने रखते हैं?

नागरिकता संशोधन अधिनियम के लाभार्थियों के रूप में, अनुसूचित जाति के शरणार्थियों के एक हिंदू संप्रदाय, कई मतुआओं को सीएए के तहत भारतीय नागरिकता प्रदान किए जाने की उम्मीद है। बंगाल में लगभग 30 लाख की आबादी वाले मटुआ समुदाय की उत्तरी बंगाल की सीमावर्ती सीटों, अलीपुरद्वार, कूच बिहार और जलपाईगुड़ी में भारी सघनता है और यह राज्य की एससी आबादी का लगभग 16% है। राजबोंगशी समुदाय, दिनाजपुर क्षेत्र और बांग्लादेश सीमा के साथ उत्तरी बंगाल में एक और एससी समुदाय, की अनुमानित आबादी 33 लाख से अधिक है, जो राज्य की एससी आबादी का लगभग 18% है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, 19 अप्रैल को कूच बिहार सहित सभी तीन सीटें भाजपा ने ममता बनर्जी की टीएमसी से छीन लीं।

## पीएम मोदी ने कहा, टीएमसी सीएए पर झूठ बोल रही है

जैसे बीजेपी ने क्षेत्र में प्रताड़ित हिंदुओं के अधिकारों के मुद्दे पर जोर दिया, वैसे ही पीएम मोदी ने गुरुवार को अपनी चुनावी पिच में सीएए का मुद्दा उठाया। उन्होंने सीएए के बारे में झूठ फैलाने के लिए विपक्षी इंडिया ब्लॉक की टीएमसी की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने (इंडिया ब्लॉक) कभी भी हाशिए पर रहने वाले समुदायों की परवाह नहीं की। अब जब हम सीएए लाए हैं, तो वे अफवाहें और झूठ फैला रहे हैं।

**चीन साइबर ग्रुप लोकसभा चुनाव में खुरापात करने को बेताब**

# माइक्रोसॉफ्ट ने भारत सरकार को क्यों किया अलर्ट?



नई दिल्ली। भारत में 19 अप्रैल से लोकतंत्र के महापर्व यानी चुनाव का आगाज हो जाएगा। 1 जून 2024 को आखिरी चरण की वोटिंग होगी और 4 जून को नतीजे आएंगे। लेकिन सरकार को इस साल भारत में होने वाले चुनाव को एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से प्रभावित करने को लेकर एक चेतावनी दी गई है। तकनीकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने अपने ब्लॉग पोस्ट में प्रमुख हैकिंग प्रयासों के बारे में चेतावनी दी है। अमेरिकी कंपनी ने कहा कि चीन सरकार के समर्थित साइबर ग्रुप इस साल होने वाले अहम चुनावों को निशाना बनाएंगे और इसमें उत्तर कोरिया की भी भूमिका हो सकती है।

## चीन को लेकर माइक्रोसॉफ्ट ने चेताया

माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि इस साल दुनिया भर में विशेष रूप से भारत, दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले प्रमुख चुनावों के साथ हमारा आकलन है कि चीन अपने हितों को लाभ पहुंचाने के लिए एआई-जनित सामग्री का निर्माण और विस्तार करेगा। कंपनी का उल्लेख है कि हैकर्स के लिए एआई पसंद का एक प्रमुख हथियार बन गया है, जो आसानी से वीडियो को मॉर्फ कर सकते हैं और प्रसिद्ध हस्तियों की आवाज बदल सकते हैं और उन्हें बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रूप से साझा कर सकते हैं जो इसे वायरल होने और लाखों लोगों तक पहुंचने में मदद करता है। चीन का कुछ समय से अमेरिका और भारत सरकार के साथ टकराव चल रहा है, जिसमें 2020 से चीन और अमेरिका के बीच व्यापार प्रतिबंध भी शामिल है। माइक्रोसॉफ्ट का खतरा विश्लेषण केंद्र नियमित रूप से अपने निष्कर्ष साझा करता है और नवीनतम घटनाक्रम निश्चित रूप से सत्तारूढ़ सरकार और उसके कानून को बताएंगे।

**प्रसिद्ध हस्तियों की आवाज बदल सकते हैं और उन्हें बड़े पैमाने पर सार्वजनिक रूप से साझा कर सकते हैं जो इसे वायरल होने और लाखों लोगों तक पहुंचने में मदद करता है।**



## सरकारों को बाधित करने के लिए एआई का यूज

माइक्रोसॉफ्ट ने कहा है कि इस साल अमेरिका, भारत और दक्षिण कोरिया में होने वाले चुनावों को चीनी और कुछ हद तक उत्तर कोरियाई साइबर हमलावर निशाना बनाने के लिए काम करेंगे। चीन मतदाताओं को सबसे अधिक विभाजित करने वाली बात जानने के लिए फेक सोशल मीडिया अकाउंट का उपयोग कर रहा है और संभवत: अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे को अपने पक्ष में प्रभावित कर सकता है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा चुनावों को बाधित करने के चीन के प्रयासों को दर्शाने वाले कुछ उदाहरणों में अगस्त 2023 माउ जंगल की आग शामिल है, जिसके बारे में उनका दावा है कि यह अमेरिकी सरकार द्वारा सैन्य-ग्रेड मौसम हथियार के परीक्षण का हिस्सा था, जो जानबूझकर क्षेत्र में जंगल की आग का कारण बना।

## ताइवान चुनाव में पहली बार प्रयोग

जनवरी 2024 में ताइवान के राष्ट्रपति चुनावों को अस्थिर करने के लिए एआई सामग्री का भी उपयोग किया गया। यह किसी विदेशी चुनाव को सरकार समर्थित AI-जनरेटेड कंटेट से प्रभावित करने की पहली कोशिश थी। मीम्स, वीडियो और ऑडियो को बढ़ाने में चीन का बढ़ता प्रयोग संभवत: जारी रहेगा।

# लोकसभा चुनाव में मरहम का काम कर पाएंगे संजय सिंह!

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह बुधवार (3 अप्रैल) को तिहाड़ से रिहा कर दिए गए। जेल से बाहर निकलने के बाद संजय सिंह ने कहा कि जेल के ताले टूटेंगे, सारे नेता छूटेंगे। उन्होंने कहा कि ये जश्न मनाने का नहीं, बल्कि संघर्ष का समय है।

ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार (2 अप्रैल, 2024) को संजय सिंह की जमानत का विरोध नहीं किया था। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब नीति मामले में उन्हें जमानत दे दी थी. हालांकि, अभी इस मामले में अअढ संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जेल में ही हैं. इस स्थिति में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या लोकसभा चुनाव 2024 में संजय सिंह अअढ के लिए मरहम का काम कर पाएंगे?

## आप को अभी सबसे ज्यादा जरूरत

राज्यसभा सांसद संजय सिंह के जेल से रिहा होने के बाद आम आदमी पार्टी को नई ऊर्जा मिलने की संभावना है. दरअसल, पार्टी के सभी बड़े नेता जेल में हैं, इस स्थिति में आमको उनकी सबसे ज्यादा जरुरत है।

## संजय सिंह कैसे साबित हो सकते हैं आप के लिए मरहम?

आम आदमी पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति बनाने में संजय सिंह बड़ी भूमिका निभा सकते हैं. संगठन में उनकी मजबूत पकड़ और सरकार से मोर्चा लेने की छवि से पार्टी के पक्ष में माहौल बन सकता है. प्रचार के मामले में भी संजय सिंह पार्टी के लिए बूस्टर डोज साबित हो सकते हैं।

## प्रचार के लिए नहीं हैं कोई बड़ा नेता

अअढ नेता सोशल मीडिया और दिल्ली में काफी एक्टिव हैं. पार्टी के पास कोई बड़ा नेता प्रचार के लिए नहीं है. इस स्थिति में जनता के बीच जाने और जनसंपर्क के लिए परफेक्ट कहे जा सकते हैं. पंजाब के सीएम भगवंत मान ज्यादातर पंजाब में ही सक्रिय रहते हैं।



**राज्यसभा सांसद संजय सिंह के जेल से रिहा होने के बाद आम आदमी पार्टी को नई ऊर्जा मिलने की संभावना है. दरअसल, पार्टी के सभी बड़े नेता जेल में हैं, इस स्थिति में आमको उनकी सबसे ज्यादा जरुरत है।**

आप की दिल्ली सरकार में आतिशी और सौरभ भारद्वाज मंत्री हैं. इन्हें सरकार के प्रशासनिक काम भी देखने हैं. पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्डा देश से बाहर लंदन में इलाज करा रहे हैं. इस स्थिति में संजय सिंह ही पार्टी के लिए प्रचार और रणनीति की कमान संभालेंगे।

# इमरान की पत्नी को जहर दिए जाने के दावों को बुशरा के निजी डॉक्टर ने किया खारिज



**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने हाल ही में आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को जहर देकर मारने की कोशिश की जा रही है। इमरान खान के इन आरोपों पर बुशरा बीबी के निजी डॉक्टर ने खुलासा किया है। उन्होंने मेडिकल चेकअप के बाद बताया कि बुशरा बीबी को कोई जहर नहीं दिया गया था।

### बुशरा बीबी के निजी डॉक्टर का दावा

दो अप्रैल को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में सुनवाई के दौरान इमरान खान ने जज नासिर जावेद राणा को बताया कि बुशरा को जहर देकर मारने की कोशिश की गई है। पूर्व प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि जहर के कारण उनकी पत्नी के जीभ और शरीर के अन्य हिस्सों पर निशान भी थे।

इमरान ने अदालत में बिना किसी का नाम लिए कहा, ₹मुझे मालूम है कि इसके पीछे किसका हाथ है ?₹ उन्होंने कहा कि अगर उनकी 49 वर्षीय पत्नी को कुछ भी हुआ तो इसके लिए सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर जिम्मेदार होंगे, क्योंकि एक खुफिया एजेंसी के सदस्य इस्लामाबाद में उनके बानी गाला आवास और रावलपिंडी में अदियाला जेल में सब कुछ नियंत्रित कर रहे थे।

स्थानीय मीडिया को एक साक्षात्कार के दौरान डॉ. आसिम यूसुफ ने कहा, ₹बुशरा बीबी को जहर दिया गया, इसका अभी तक कोई सबूत नहीं मिला है।

हम कोई मेडिकल टेस्ट नहीं कर रहे हैं, क्योंकि जहर का कोई लक्षण बुशरा बीबी पर नहीं दिखा है।₹ उन्होंने आगे बताया कि दो महीने पहले खाना खाने से बाद बुशरा की तबीयत बिगड़ गई थी।

# 'कोरोना से भी 100 गुना ज्यादा खतरनाक है एच5एन1 वायरस'

## विशेषज्ञों ने बर्ड फ्लू संक्रमण को लेकर जताई चिंता

**लंदन।** विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि बर्ड फ्लू संक्रमण तेजी से महामारी का रूप ले सकता है और इसकी उच्च मृत्यु दर को देखते हुए यह कोरोना महामारी से सौ गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि एच5एन1 वायरस गंभीर स्थिति की तरफ बढ़ रहा है और बहुत आशंका है कि यह वैश्विक महामारी का कारण बन सकता है।



### एच3एन1 वायरस का संक्रमण बन सकता है महामारी का कारण

पीट्सबर्ग में बर्ड फ्लू पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिक डॉ. सुरेश कुचिपुड़ी ने चेतावनी दी है कि एच5एन1 वायरस बड़ी संख्या में स्तनधारी जीवों को संक्रमित कर सकता है, जिनमें इंसान भी शामिल हैं। डॉ. सुरेश कुचिपुड़ी ने दावा किया वायरस उस दिशा में बढ़ रहा है, जहां वह महामारी का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू का संक्रमण दुनिया में जगह-जगह अभी भी मौजूद है और बड़ी संख्या में स्तनधारी अभी भी उससे संक्रमित हो रहे हैं। अब समय आ गया है कि हमें इसके खिलाफ तैयारी करनी चाहिए वरना हालात गंभीर हो सकते हैं।

### विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े डरा रहे

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, साल 2003 से एच5एन1 वायरस से संक्रमित होने वाले हर 100 मरीजों में से 52 की मौत हो चुकी है। इस तरह एच5एन1 की मृत्यु दर 50 फीसदी से ज्यादा है। इसकी तुलना कोरोना वायरस से करें तो उसकी मृत्यु दर महामारी की शुरूआत में कुछ जगहों पर 20 फीसदी थी, जो बाद में गिरकर सिर्फ 0.1 फीसदी रह गई थी। बर्ड फ्लू के अब तक सिर्फ 887 मामले दर्ज हुए हैं।

**कोरोना महामारी से ज्यादा खतरनाक होगा संक्रमण**

मीडिया रिपोर्ट्स में एक अन्य विशेषज्ञ के हवाले से कहा गया है कि बर्ड फ्लू संक्रमण कोरोना महामारी से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि बर्ड फ्लू से फैली महामारी कोरोना महामारी से भी 100 गुना ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। बर्ड फ्लू महामारी में मृत्यु दर कोरोना की तुलना में बहुत ज्यादा होगी और अगर इसने इंसानों में म्युटेट होना शुरू कर दिया तो इसके और गंभीर होने का खतरा है।

# बाइडन के दबाव में झुके बेंजामिन नेतन्याहू



**● गाजा के लोगों के लिए किया इरेज क्रॉसिंग खोलने का एलान**

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच गाजा की हालत बिगड़ती जा रही है। यहां मानवीय सहायता पहुंचाने के सभी रास्ते धीरे-धीरे इस्राइल ने लगभग बंद कर दिए हैं। कुछ मुल्क गाजा में एयरड्रॉप कर मदद सामग्री पहुंचा रहे हैं। हालांकि, अब गाजा के लोगों के लिए अच्छी खबर सामने आई है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को एक-दूसरे से फोन पर बातचीत की। इस दौरान गाजा के हालात पर चर्चा की गई। फोन पर बात करने के कुछ ही घंटों बाद गाजा के लोगों के लिए एक राहत की खबर सामने आई। दरअसल, इस्राइली अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि गाजा में अधिक मानवीय सहायता के लिए एरेज सीमा क्रॉसिंग को फिर से खोलने की मंजूरी दे दी है।

### इसे खोलने की भी अनुमति

इस्राइली अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि गाजा में अधिक मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति देने के लिए इरेज सीमा फिर से खोली जाएगी। इसके अलावा, इस्राइल के बंदरगाह अशदोद को भी खोलने की मंजूरी दी गई है। बता दें, इरेज क्रॉसिंग बॉर्डर को बीट हनौन के नाम से भी जाना जाता है।

यह इस्राइल और उत्तरी गाजा पट्टी के बीच सीमा पर है।

# देश में चीनियों की सुरक्षा के लिए करेंगे उपाय : जरदारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने गुरुवार को कहा कि देश में विभिन्न परियोजनाओं पर कार्यरत चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी उपाय करेगा। दरअसल, चीनी राजदूत जियांग जैदोंग ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी की। मुलाकात का विषय पिछले सप्ताह खैबर-पखतूनख्वा में हुए आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मौत पर केंद्रित था।



### आपसी हितों के मुद्दों पर भी हुई चर्चा

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति और चीनी राजदूत ने आतंकवाद के खतरे पर काबू पाने के लिए आतंकवाद विरोधी सहयोग और खूफिया जानकारी साझा करने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए आपसी हितों पर चर्चा की। राष्ट्रपति ने चीनी दूत को आश्वस्त किया कि पाकिस्तान में विभिन्न परियोजनाओं में काम कर रहे है हमारे चीनी भाइयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जाएंगे।

**चीनी प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान का किया था दौरा :** इसके अलावा, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने अपनी साप्ताहिक ब्रीफिंग में कहा कि चीनी विदेश मंत्रालय के बाहरी सुरक्षा विभाग के महानिदेशक बाई तियान के नेतृत्व में एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल ने हमले के बाद पाकिस्तान का दौरा किया। यात्रा का उद्देश्य चीनी नागरिकों की सुरक्षा पर विचारों का आदान-प्रदान करना और आतंकवाद विरोधी क्षेत्र में हमारे मौजूदा सहयोग को और गहरा करना था। बैठकें विदेश मंत्रालय, आंतरिक मंत्रालय और हमारे कानून प्रवर्तन अधिकारियों दोनों के साथ काफी महत्वपूर्ण रहीं। चीनी जलविद्युत परियोजनाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था हालांकि, सुरक्षा ऑडिट और सुरक्षा उपायों के बाद परियोजनाओं को शुरू कर दिया गया है। बलूच ने कहा कि पाकिस्तान बेशम में हुए आतंकवादी हमले की जांच के पहलुओं को पूरा करने की प्रक्रिया में है और पूरी जानकारी के बाद इसे मीडिया के साथ साझा करेगा।

**दोनों देशों के बीच चल रही तनातनी पर बोले मंत्री मोहम्मद सईद**

# 'मालदीव का अच्छा दोस्त है भारत'

**माले।** मालदीव के वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक ने हिंद महासागर में द्वीप राष्ट्र में विदेशी सैनिकों की मौजूदगी के खिलाफ राष्ट्रपति मुइज्जू के रुख का बचाव करते हुए कहा कि मालदीव अभी भी भारत को दोस्त ही मानता है। मालदीव के पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 3 अप्रैल तक आने वाले कुल 6,20,358 पर्यटकों में से चीन 69,028 के साथ शीर्ष पर रहा, इसके बाद रूस (63,272), ब्रिटेन (61,394), इटली (58,613), जर्मनी (48,581) और भारत (35,378) का स्थान रहा है।



### क्या है मामला

गौरतलब है कि पिछले नवंबर में शपथ लेने के कुछ ही घंटों के भीतर, चीन समर्थक झुकाव के लिए जाने जाने वाले मुइज्जू ने भारत से अपने 88 सैन्य कर्मियों को देश से वापस लेने के लिए कहा था। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी उपस्थिति मालदीव की संप्रभुता के लिए खतरा थी। मालदीव के वित्त मंत्री मोहम्मद शफीक से पूछा गया कि क्या माले चीन और भारत दोनों के साथ दोस्त हो सकता है, जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि मालदीव सभी देशों का दोस्त है।

### मालदीव सभी देशों का मित्र- मोहम्मद शफीक

एक साक्षात्कार में मोहम्मद शफीक ने कहा कि मुझे लगता है कि मालदीव सभी देशों का मित्र है। हम एक पर्यटक देश हैं और दुनिया के लिए खुले हैं। एक छुट्टियां बिताने की जगह के रूप में चीनी और भारतीय दोनों ही हमारी सराहना करते हैं।

शफीक ने इस बात पर भी जोर दिया कि मालदीव अभी भी भारत को दोस्त मानता है। उन्होंने कहा कि बेशक, हम दोस्त हैं। हमारे राष्ट्रपति, हमारी सरकार और लोग यहां विदेशी सैनिकों की मौजूदगी को अस्वीकार करते हैं।

मुइज्जू ने कहा था 10 मई के बाद कोई भी भारतीय सैन्यकर्मी, यहां तक कि नागरिक कपड़ों में भी, उनके देश के अंदर मौजूद नहीं होगा।

# द गार्जियन का दावा- पाक में टारगेट किलिंग करा रहा भारत

**लंदन।** ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' ने अपनी एक रिपोर्ट में भारत पर पाकिस्तान में टारगेट किलिंग के आरोप लगाए हैं।

इस पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, टारगेट किलिंग करना भारत की विदेश नीति में नहीं है। वहीं, विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आरोप झूठे हैं और भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा चलाया जा रहा है। जयशंकर बोले- यह हमारे खिलाफ प्रोपेगेंडा, ऐसा हमारी पॉलिसी में नहीं।

दरअसल, ब्रिटिश अखबार ने अपनी खबर में लिखा, भारतीय और पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव्स ने 'द गार्जियन' को बताया कि भारत सरकार ने विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों को खत्म करने की रणनीति के तहत पाकिस्तान में कई लोगों की हत्या की।

# पाक का टीटीपी से बात करने से इनकार

## अफगान तालिबान ने दिया था आतंकवादियों से बातचीत करने का सुझाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने प्रतिबंधित टीटीपी के साथ किसी भी तरह की बातचीत से गुरुवार को इनकार किया। देश ने सभी आतंकवादी संगठनों से लड़ने और उन्हें हराने का संकल्प लिया। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहीं थीं।



अफगानिस्तान के उप गृह मंत्री मोहम्मद नबी ओमारी ने बुधवार को दक्षिण पूर्वी खोस्त शहर में एक इफ्तार पार्टी को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने दौरान उन्होंने पाकिस्तान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को बातचीत के जरिए अपने मुद्दों को हल करने का सुझाव दिया था। इसी को लेकर पूछे गए सवाल पर विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

मुमताज जहरा बलोच ने कहा, पाकिस्तान उन सभी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्होंने पाकिस्तान और पाकिस्तान-चीन दोस्ती के प्रतीक (सीपीईसी) को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा को बढ़ाने के बाद पाकिस्तान में चीन की परियोजनाएं चालू हैं। अफगानिस्तान के सुझाव पर बलोच ने कहा कि पाकिस्तान उम्मीद करता है कि अफगान अधिकारी उन अपराधों और आतंकवादी घटनाओं के लिए जिम्मेदार आतंकवादी संगठनों और उनके नेतृत्व के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करेंगे, जो वे पाकिस्तान में कर रहे हैं। ओमारी ने अफगान-तालिबान युद्ध को क्रांति से जोड़ते हुए कहा, युद्ध और क्रांतियां विधवाएं पैदा करती हैं।

**राष्ट्रपति जरदारी से मिले सेना प्रमुख**

# सेना के खिलाफ राजनीतिक दलों के आरोपों को बताया निराधार

**कराची।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके व्यक्तियों द्वारा सेना के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को जब सेना के प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की तब उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा। इस बैठक में सेना प्रमुख ने जरदारी को 14वें राष्ट्रपति के तौर पर नियुक्ति के लिए बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता जताई है। उन्होंने ऐसे तत्वों से निपटने के लिए संकल्प लिया है।



दरअसल, जरदारी स्पष्ट रूप से अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने पर इमरान खान और उनकी पार्टी द्वारा पाकिस्तानी पर लगातार हमले का जिक्र कर रहे थे। इस बैठक में सीओएएस ने राष्ट्रपति को आतंकवाद के खिलाफ सेना के अभियानों से अवगत कराया।

**अमेरिकी विदेश विभाग बोला**

# हम अवैध फंडिंग के खिलाफ प्रतिबद्ध

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि ईरानी सेना के अवैध व्यापार को सुविधाजनक बनाने वाली एक इकाई को हम प्रतिबंधित कर रहे हैं। साथ ही हमने 13 जहाजों की पहचान ब्लॉक संपत्ति के रूप की है। संयुक्त राज्य अमेरिका अवैध फंडिंग के खिलाफ प्रतिबद्ध है, जो ईरान के क्षेत्रीय संघर्षों में इस्तेमाल होने वाले हथियारों के उत्पादन का समर्थन करते हैं।



# कच्चातिवु द्वीप पर भारत के दावे को श्रीलंका ने नकारा



**कोलंबो।** कच्चातिवु द्वीप को लेकर भारत में लगातार बयानबाजी चल रही है। अब इसे लेकर श्रीलंका का बयान सामने आया है। श्रीलंका के मत्स्यपालन मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि कच्चातिवु द्वीप को वापस लेने के भारत के बयानों का कोई आधार नहीं है। यह कहकर श्रीलंका के मंत्री ने भारत के कच्चातिवु द्वीप पर दावों को खारिज कर दिया।

### कच्चातिवु द्वीप पर जारी विवाद

श्रीलंका के मंत्री का यह बयान तब सामने आया है, जब भारत में पीएम मोदी और उनकी सरकार कांग्रेस पार्टी और डीएमके पार्टी पर कच्चातिवु द्वीप को लेकर राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। भाजपा सरकार का आरोप है कि कांग्रेस और डीएमके ने कच्चातिवु द्वीप के आसपास मछली पकड़ने वाले मछुआरों के हितों की अनदेखी की। अब इस पर श्रीलंका के मंत्री डगलस देवानंद ने कहा है कि यह भारत में चुनाव का समय है और कच्चातिवु द्वीप को लेकर ऐसी बातें सुनना असामान्य नहीं है। **'भारत अपने हितों के लिए काम कर रहा' :** देवानंद ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने हितों के लिए काम कर रहा है और कोशिश कर रहा है कि उस जगह पर भारतीय मछुआरे मछली पकड़ सकें। हालांकि उन्होंने कहा कि कच्चातिवु पर श्रीलंका के कब्जे को लेकर जारी बयानों का कोई आधार नहीं है। उन्होंने कहा कि साल 1974 के समझौते के अनुसार दोनों देशों के मछुआरे कच्चातिवु द्वीप के आसपास मछली पकड़ सकते थे, लेकिन बाद में इसकी समीक्षा की गई और साल 1976 में इसमें संशोधन कर दिया गया। संशोधन के तहत दोनों देशों के मछुआरों के कच्चातिवु द्वीप के आसपास मछली पकड़ने पर रोक लगा दी गई। श्रीलंकाई मंत्री ने कहा कि भारत और श्रीलंका में हुए समझौते के तहत कन्याकुमारी के पास स्थित एक अन्य द्वीप वेस्ट बैंक पर भारत के दावे को स्वीकार किया गया। देवानंद ने कहा कि वेस्ट बैंक द्वीप, कच्चातिवु द्वीप की तुलना में 80 गुना बड़ा है। श्रीलंका के मत्स्य मंत्री डगलस देवानंद को हाल के महीनों में स्थानीय मछुआरों के दबाव का सामना करना पड़ा है। श्रीलंकाई मछुआरों का आरोप है कि भारतीय मछुआरे उनके जलक्षेत्र में मछली पकड़ रहे हैं। इसे लेकर श्रीलंकाई मछुआरों ने विरोध प्रदर्शन भी किया था।

इस साल ही अब तक 178 भारतीय मछुआरों और उनकी 23 नौकाओं को श्रीलंकाई नौसेना ने जब्त किया है।

# इस्राइल की सेना गाजा में हमला करने के लिए ले रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। अब बताया जा रहा है कि इस्राइली सेना हमास के आतंकियों को निशाना बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद भी ले रहा है। बता दें, इस्राइल के खुफिया अधिकारियों के हवाले से एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।



### इस्राइली अधिकारियों का यह कहना

इस्राइली अधिकारियों का कहना है कि एआई-आधारित टूल को 'लैवेंडर' कहा जाता था। इसे 10 प्रतिशत गलती करने के लिए भी जाना था। जब इस बारे में इस्राइल के रक्षा बलों (आईडीएफ) से पूछा गया तो उन्होने टूल के होने पर विवाद नहीं किया। हालांकि, इस बात से इनकार किया कि संदिग्ध आतंकवादियों की पहचान के लिए एआई का इस्तेमाल किया जा रहा था।

वहीं, एक अधिकारी का कहना है कि मशीन रबर स्टैंप की तरह काम करती थी। पहले पुरुष की पहचान करती और 20 सेंकड के अंदर ही हमला कर देती।

**सूचना प्रणाली केवल एक टूल :** रिपोर्ट के अनुसार, एक लंबे बयान में सेना ने इस बात पर जोर दिया की आतंकियों की पहचान करने की प्रक्रिया में सूचना प्रणाली केवल एक टूल है। हम जंग के समय नागरिकों को कम नुकसान हो इसकी कोशिश में लगे हैं। सेना का यह भी कहना है कि विश्लेषकों को नियमों को देखते हुए एक स्वतंत्र जांच करनी चाहिए।

**अंतरराष्ट्रीय जांच तेजी से हो रही :** यह रिपोर्ट ऐसे समय में सामने आई है, जब इस्राइल के सैन्य अभियान की अंतरराष्ट्रीय जांच तेजी से हो रही है। दरअसल, इस्राइल पर आरोप है कि उसके लक्षित हवाई हमलों में फलस्तीनी एन्क्लेव में भोजन पहुंचाने वाले कई विदेशी सहायता कर्मी मारे गए। इसके बाद इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहस छिड़ गई। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में अबतक 32,916 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र की माने तो उत्तरी गाजा में लगभग तीन-चौथाई आबादी भूख से पीड़ित है।

हमास और इस्राइल के बीच कई माह से जंग जारी है। इस युद्ध को रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है।

अब बताया जा रहा है कि इस्राइली सेना हमास के आतंकियों को निशाना बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद भी ले रहा है।

**22 साल पहले भारतीय समेत दो की हुई थी हत्या**

# दोषी को दी गई मौत की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ओकलाहोमा राज्य में साल 2002 में एक भारतीय सहित दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इन हत्याओं के दोषी को गुरुवार को मौत की सजा दी गई। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, दोषी माइकल ड्वेन स्मिथ (41 वर्षीय) को ओकलाहोमा की जेल में जहरीला इंजेक्शन देकर मौत की सजा दी गई।



### साल 2002 में हुई थी शरद और मूर की हत्या

स्मिथ ने साल 2002 में भारतीय नागरिक शरद पुल्लुर और जेनेट मूर की हत्या कर दी थी। स्मिथ ने ये दोनों हत्याएं अलग-अलग घटनाओं में की थी। अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई थी। ओकलाहोमा के अटॉर्नी जनरल जेंटनर ड्रमंड ने स्मिथ की सजा के बाद एक बयान जारी करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आज का दिन मूर और शरद के परिवारों के लिए कुछ हद तक शांति लेकर आएगा। ओकलाहोमा राज्य में यह इस साल की पहली मौत की सजा है।

### परिजनों ने जताया संतोष

ड्रमंड ने कहा कि 'दोनों पीड़ित अच्छे इंसान थे और उनके साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था। शरद अपने परिवार का पहला व्यक्ति था, जो शिक्षा प्राप्त करने अमेरिका आया था। उसका भविष्य उज्जवल था। ड्रमंड ने कहा कि दोनों पीड़ित गलत समय पर गलत जगह पर थे और हमें खुशी है कि अब उनके साथ न्याय हुआ है।' दोनों पीड़ितों के परिवारों ने भी दोषी को मौत की सजा मिलने पर संतुष्टि जाहिर की और कहा कि अब उनके साथ न्याय हुआ है।

